Delton Cables Limited
Regd office : 'Delton House, 4801, Bharat Ram Road 24, Darya Ganj, New Delhi - 110002 (INDIA)
Phone : 91-11-23273907
E-mail : dcl@deltoncables.com, Website : www.deltoncables.com
CIN : L31300DL 1964PL C004255
AN ISO 9001-2008 COMPANY

To, **August 7, 2025**

BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street, Mumbai - 400 001

BSE Scrip Code: 504240

Sub: Submission of Copies of published Un-audited Financial Results for the quarter ended on June 30, 2025

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we hereby inform you that the Company has published the Un-audited Financial Results for the quarter ended on June 30, 2025, in the following Newspapers on August 7, 2025:

a. Mint (English)
b. Haribhoomi (Hindi)

A copy of the newspaper advertisement is enclosed herewith.

Kindly take the same on record.

Thanking you,
Yours faithfully

For Delton Cables Limited

Jitender Kumar
Digitally signed by Jitender Kumar
Date: 2025.08.07 13:07:21 +05'30'

Jitender Kumar
Company Secretary & Compliance Officer

Encl : as above

MINT SHORTS

Outzidr secures ₹27 crore to grow fashion brand for Gen Z women

Bengaluru: Outzidr, a digital-first fashion brand targeting Gen Z women, has raised ₹27 crore (around $3.1 million) in a pre-Series A round led by RTP Global, with participation from existing investor Stellaris Venture Partners. The company plans to use the funds to open its first exclusive offline store by March 2026, and to expand its design, operations and tech teams. It was founded in 2024 and offers western wear catering to occasions like date nights and music gigs. It operates in Bengaluru and Gurugram.

Cautio raises $1.8 mn to expand AI-powered dashcam platform

Bengaluru: Video telematics startup Cautio has raised $1.8 million in fresh seed funding led by Amal Parikh, with participation from 8i Ventures, AU Small Finance Bank, Vibha Chetan (partner, Cheravi Ventures), and Venture Catalysts. The round also saw backing from Multiply Ventures founding partner Raveen Sastry, Bounce co-founder Vivekananda Hallekere, and JAR co-founder Nishchay AG. With this, Cautio has so far raised $3 million in seed money.

Hylenr snags $3 million to hasten low energy nuclear rollout

Bengaluru: Hylenr, a firm developing carbon-free heat energy systems for industrial use based on low energy nuclear reactions (LENR), has raised $3 million in a pre-series A round led by Valour Capital and Chhattisgarh Investments. Individual investors Karthik Sundar Iyer and Anant Sarda participated. PwC advised Hylenr on the deal, while Samvad Partners acted as legal advisor.

CodeKarma raises $2.5 mn to build autonomous software systems

Bengaluru: Software productivity startup CodeKarma has raised $2.5 million in a pre-seed round led by Prosus, Accel, and Xeed Ventures, with participation from SenseAI Ventures and Stargazer Ventures. The company said it will use the capital to develop autonomous, self-improving software systems. It also plans to advance its AI capabilities, expand into new enterprise verticals, grow its US presence, and make strategic hires.

COMPILED BY ROSHAN ABRAHAM

Runaway growth: Instamart now revisits dark-store bet

It paused expansion efforts to improve utilisation, possibly allowing Blinkit to widen its lead

Sakshi Sadashiv
sakshi.sadashiv@livemint.com
NEW DELHI

The firm's average orders per dark store per day fell 22% in nine months to just 985, signalling overcapacity concerns. REUTERS

After a year of steroid-fuelled dark-store expansion to outpace rivals, Instamart is staring at leaner carts. Its orders per dark store per day have fallen 22% over the past nine months, from a peak of 1,260 recorded during the second quarter of 2024-25 to 985 by the first quarter of 2025-26.

Part of the dip could be the ramp-up lag—new stores take months to optimize inventory, layout and demand. However, the quick-commerce player's recent averages falling short suggest deeper structural overcapacity, not just early-stage teething troubles, because mature dark stores in similar models tend to stabilize at higher order volume, warned Nilaya Varma, co-founder of management consulting firm Primus Partners.

Instamart's productivity, measured in terms of gross order value (GoV) per sq. ft peaked at ₹17,359 in September quarter before falling 32% to ₹11,762 in March quarter—possibly due to dark-store area expansion. Though the GOV—total value of all orders, before discounts, cancellations, refunds, or delivery fees—rebounded 12% to ₹13,163 in Q1, it's still 24% below the peak. After posting a loss of ₹896 crore in the quarter ended 30 June, it hit a pause on expansion to focus on boosting utilization—a breather that would widen rival Blinkit's lead even further.

Eternal's quick-commerce unit, which is in growth mode, plans to reach 2,000 stores by December. Food-delivery giant Swiggy's quick-commerce arm added 498 dark stores in FY25—just 25 fewer than it had opened in the four years since its 2020 launch.

With 1,021 stores, warehouse space ballooned 2.6X to 4 million sq.ft, signalling a shift towards larger-format facilities for the firm, either through the opening of new, bigger stores, or the expansion of older ones.

It also added 44 megapods, spanning 10,000-12,000 sq. ft with 50,000 stock keeping units (SKUs) capacity in metro cities, accounting for about 10% of its total dark-store area, and serving 25% of its customer base. "Filling space on the map is easy; filling it profitably is another story. There is almost certainly a sweet spot for dark-store density. As you keep opening more dark stores in the same city, they start overlapping," explained Varma.

Instamart has the smallest share of the quick-commerce market among the top three, which means fewer orders to support the extra infrastructure, said Satish Meena, co-founder of data platform Datum Intelligence.

Larger-format stores and megapods can boost assortment and raise average order value—the average amount customer spends each time—but they also come with higher rent and staffing cost. "Whether Swiggy's uplift covers the extra monthly lease and build-out costs will depend on sustained consumer adoption of larger carts, something other quick-commerce players have struggled to maintain," added Varma.

It is also playing catch-up operationally. "They're now opening dark stores in high-density pockets where Blinkit or Zepto are already present—areas they know have demand. That's the first step: match the coverage, for which Swiggy is offering significant discounts, but it will hurt margins," added Meena. The next step is harder—converting customers to your app. And that's where Blinkit has a clear edge in customer acquisition and retention. "Most users tend to juggle two apps, typically Blinkit and either Zepto or Instamart, but Blinkit is often the common denominator (being the oldest among the three), reflecting stronger brand loyalty," said Meena.

For an extended version of the story go to livemint.com

EXPANSION BLUES

INSTAMART'S gross merchandise value fell 32%, rebounding to ₹13,163 in Q1—still 24% below its peak

THE co's warehouse space grew 2.6 times to 4 million sq. ft, signalling a shift toward larger stores

THE firm also added 44 megapods to serve 25% of users, but the move has driven up its costs

INSTAMART has the smallest share of the quick-commerce market among the top three

Antfin to exit Eternal in $612 mn block deal

Sowmya Ramasubramanian & Sneha Shah
BENGALURU/MUMBAI

Antfin Singapore Holding Pte. Ltd, a unit of China's Alibaba Group, will sell its entire 1.95% stake in food and grocery delivery firm Eternal Ltd (formerly Zomato) in a block deal worth $612 million, days after exiting financial services firm Paytm.

The term sheet reviewed by *Mint* showed that the clean-up trade was made at a 4.63% discount to Eternal share's closing price on 6 August. Antfin holds 188.4 million shares in Eternal. It hired Morgan Stanley and Bank of America for the sale. The order book opens on Wednesday and is expected to close on Thursday.

On Monday, Alibaba Group sold exited One97 Communications for ₹3,803 crore in a block deal, according to a term sheet that described the sale as a "clean-up" trade.

Global investors SoftBank and Alibaba (via Antfin and Alipay) have been exiting their India investments over the last few years, including Paytm.

Zomato reported a 90% fall in June quarter consolidated net profit to ₹25 crore versus ₹253 crore a year-ago. Operating revenue in Q1FY26 was at ₹7,167 crore, which was up by 70.4% over ₹4,206 crore a year ago. Despite the massive fall in net profit and a drop in operating performance, Eternal shares surged on subsequent days, as investors ignored the weakness in food delivery business and cheered the earnings show of its quick commerce arm—Blinkit.

sowmya.r@livemint.com

For an extended version of the story go to livemint.com

अधिकांश समितियों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर भाजपा प्रत्याशी हुए निर्वाचित

दिल्ली नगर निगम की विशेष समितियों के चुनाव हुए संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम की विशेष समितियों के बुधवार को सिविक सेंटर निगम मुख्यालय में चुनाव संपन्न हुआ। कुल बारह विशेष समितियों में से दस समितियों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर भाजपा विजयी हुई। वहीं, खेल संवर्धन और संबद्ध मामलों की समिति के चुनाव में मोबाइल ले जाने को लेकर यह चुनाव स्थगित कर दिए गए। इस अवसर पर दिल्ली नगर निगम के नेता सदन प्रवेश वाही ने सभी विशेष समितियों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर चयनित सभी निगम पार्षदों को अपनी ओर से हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, उप महापौर जय भगवान यादव, स्थाई समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा एवं अन्य वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित अध्यक्षों और उपाध्यक्षों को दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने शुभकामनाएं दी और कहा कि विशेष समितियों के गठन के बाद हम सभी मिलकर विकास के नये आयाम हासिल करेंगे। नेता सदन प्रवेश वाही ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में दिल्ली नगर निगम जनता को अधिक से अधिक नागरिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष नियमित जन समस्याओं की सुनवाई करने का आह्वान किया।

विशेष 11 समितियों में कौन अध्यक्ष, उपाध्यक्ष

निगम से मिली जानकारी के अनुसार विशेष समितियों में शामिल [illegible]

भाजपा पार्षदों ने खुलेआम किया मोबाइल फोन का उपयोग : अंकुश नारंग

आम आदमी पार्टी के नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने बुधवार को निगम की विशेष समितियों के चुनाव को लेकर भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि निगम मुख्यालय में 'स्पोर्ट्स प्रमोशन कमेटी' के चुनाव के दौरान भाजपा पार्षदों द्वारा खुलेआम मोबाइल फोन के उपयोग की घटना सामने आई। इस अलोकतांत्रिक कृत्य का आम आदमी पार्टी के निगम पार्षदों ने कड़ा विरोध कर इस समिति का चुनाव तत्काल रद्द करवाया। सभी 12 समितियों के चुनाव प्रक्रिया में आम आदमी पार्टी ने सकारात्मक, जिम्मेदार और लोकतांत्रिक विपक्ष की भूमिका निभाई। हमारे लिए राजनीति नहीं, बल्कि दिल्लीवासियों का विकास और उनकी सुविधाएं सर्वोपरि हैं और इसी भावना के साथ हमने चुनाव में सहयोग किया।

एमसीडी में मिली आईवीपी को भागीदारी : मुकेश गोयल

दिल्ली नगर निगम में संख्या के आधार पर विपक्ष में दूसरा स्थान रखने वाली इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी को विशेष समिति भागीदारी मिल गई है। [illegible]

आठ बांग्लादेशियों समेत 22 विदेशी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने [illegible] आठ बांग्लादेशियों समेत 22 विदेशी नागरिकों को पकड़ा है। जिन विदेशियों को पकड़ा गया है, उनमें बांग्लादेशी नागरिकों के अलावा, नाइजीरिया के आठ, आइवरी कोस्ट के तीन, लाइबेरिया के दो और सेनेगल का एक नागरिक शामिल है। ये सभी बिना वैध वीजा के अवैध रूप से देश में रह रहे थे और उन्हें इलाके के विभिन्न स्थानों से हिरासत में लिया गया था। डीसीपी अंकित सिंह ने कहा कि उन्हें बिना वैध वीजा के भारत में रहते हुए पाया गया था। इसके बाद उन्हें विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के समक्ष पेश किया गया, जिसने उनके निर्वासन का आदेश दिया।

सांसद की चेन छीनने का आरोपी गिरफ्तार चेन बरामद

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने बुधवार को चाणक्यपुरी स्थित तमिलनाडु भवन के पास तमिलनाडु से कांग्रेस सांसद आर सुधा की 30 ग्राम वजनी सोने की चेन छीनने के आरोप में 24 वर्षीय झपटमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी सोहन रावत आदतन अपराधी बताया जा रहा है। आरोपी के पास से झपटी गई सोने की चेन बरामद हो गई है। अपराध में इस्तेमाल किया गया वाहन भी जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार हाई प्रोफाइल मामला होने के कारण कई टीमें जांच में लगाई गई थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान सोहन रावत के रूप में हुई थी। इसे बुधवार सुबह गिरफ्तार किया गया। आरोपी रावत पहले 26 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है, जिनमें से अधिकतर चोरी और झपटमारी से जुड़े हैं। इस साल अप्रैल में अंबेडकर नगर में दर्ज एक वाहन चोरी के मामले में गिरफ्तार होने के बाद रावत 27 जून को जमानत पर रिहा हुआ था। सांसद की चेन के अलावा इसके पास से चार चोरी के मोबाइल फोन और एक चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है। गौरतलब है कि सांसद आर सुधा सोमवार को तमिलनाडु भवन के पास सुबह की सैर पर निकली थी, तभी एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने उनकी सोने की चेन छीन ली थी। इस दौरान उनके कपड़े भी फट गए थे। इस घटना में सांसद को मामूली चोटें आई थी।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त 1. हिम्मत, पुत्र स्व. रणजीत सिंह, पता: म.नं. 8, पीर मोहल्ला, अल्ली गांव, सरिता विहार, नई दिल्ली, 2) राहुल, पुत्र: महेंद्र, पता: म.नं. 19/440, आली गांव, सरिता विहार, नई दिल्ली ने FIR No. 286/2025, dated 13.04.2025, U/s 115(2)/125(2)/109/3(5) भारतीय न्याय संहिता–2023, पुलिस थाना सरिता विहार, नई दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त 1. हिम्मत, 2) राहुल मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त 1. हिम्मत, 2) राहुल फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि FIR No. 286/2025, dated 13.04.2025, U/s 115(2)/125(2)/109/3(5) भारतीय न्याय संहिता–2023, पुलिस थाना सरिता विहार, नई दिल्ली के अभियुक्त 1. हिम्मत, 2) राहुल से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 09.09.2025 को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अरिदमन सिंह मीणा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
दक्षिण पूर्व जिला, कमरा नं. 510
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/10344/SE/2025

पुलिस आदतन झपटमारों की जमानत रद्द करने का करेगी अनुरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नई दिल्ली जिला पुलिस ने दावा किया है कि जिले में झपटमारी की सूचनाओं में 48 प्रतिशत की कमी आई है। उधर दिल्ली पुलिस जल्द ही अदालत में याचिका दायर कर झपटमारी की घटनाओं में शामिल आदतन अपराधियों की जमानत रद्द करने का अनुरोध करेगी। पुलिस यह कदम सांसद आर सुधा की चेन झपटने वाले आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उठाने जा रही है।

संयुक्त पुलिस आयुक्त (दक्षिण रेंज) संजय कुमार जैन ने एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि पुलिस ऐसे अपराधियों की सूची तैयार कर रही है जो जमानत पर बाहर होने के बावजूद आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हैं। उन्होंने कहा कि एक बार सूची तैयार हो जाने पर पुलिस संबंधित अदालतों से संपर्क करेगी और ऐसे अपराधों में बार-बार संलिप्तता का हवाला देते हुए उनकी जमानत रद्द करने का अनुरोध करेगी। सांसद की चेन छीनने वाला सोहन रावत दो दर्जन से ज्यादा चोरी और झपटमारी के मामलों में संलिप्त रहा है। आरोपी को नयी दिल्ली, दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण जिलों की पुलिस टीम के साथ-साथ एंटी-ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड (एएटीएस) और आर के पुरम पुलिस के समन्वित प्रयास के बाद पकड़ा गया है। नई दिल्ली जिले के पुलिस उपायुक्त देवेश कुमार महला ने बताया कि जिले में झपटमारी के आंकड़ों में 48 फीसदी की कमी आई है। उन्होंने आंकड़े साझा करते हुये बताया कि 2023 में हमें नई दिल्ली जिले में झपटमारी से संबंधित 166 पीसीआर कॉल प्राप्त हुईं। 2024 में यह संख्या घटकर 138 हो गई और इस साल पांच अगस्त तक यह संख्या और घटकर 72 हो गई। दिल्ली पुलिस के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में पहले छह महीनों में झपटमारी के 2,500 से अधिक मामले दर्ज किए गए। इस तरह झपटमारी के प्रतिदिन औसतन 14 मामले सामने आए। आंकड़ों के अनुसार इस साल 30 जून तक दिल्ली में झपटमारी के कुल 2,503 मामले दर्ज किए गए। वर्ष 2024 में इसी अवधि के दौरान 3,381 मामले दर्ज किए गए थे, जबकि 2023 में 3,865 मामले आए। आंकड़े मामलों की संख्या में गिरावट दर्शाते हैं, लेकिन यह समस्या की स्थायी प्रकृति को भी इंगित करता है।

महिला की बालियां छीनने के आरोप में दो अरेस्ट

नई दिल्ली। फर्श बाजार इलाके में 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला की सोने की बालियां छीनने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। [illegible] गईं। पूछताछ में दोनों ने न केवल इस वारदात बल्कि 28 जुलाई को न्यू उस्मानपुर में हुई, इसी तरह की एक अन्य छीना-झपटी की घटना में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार सूरज पहले भी पांच मामलों में शामिल रहा है, जबकि नीरज के खिलाफ डकैती, झपटमारी और हथियारों से जुड़े कुल 19 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी हाल ही में जेल से रिहा हुए थे। इस बीच शहर में हुई अन्य वारदातों में उनकी संलिप्तता का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

'कांग्रेस द्वारा गठित श्रमिक कल्याण बोर्ड में आप की अनियमितताएं उजागर, सीएजी रिपोर्ट में खुलासा'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में हाल ही में पेश की गई 2019 - 20 से 2022 - 23 की निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड की 2023 की सीएजी रिपोर्ट से आम आदमी पार्टी की पूर्व सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस मामले पर भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस भी हमलावर हो रही है। इसी मामले पर बात करते हुए करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज का कहना है कि 2 सितंबर 2002 में शीला दीक्षित की कांग्रेस सरकार ने निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड का गठन किया था क्योंकि उस वक्त मेट्रो निर्माण से लेकर फ्लाईओवर निर्माण तक कई योजनाओं पर चल रहे निर्माण कार्यों में दूसरे प्रदेशों से आने वाले श्रमिकों की अहम भूमिका थी। इसलिए सरकार ने इस बोर्ड का गठन किया ताकि दिल्ली के निवासी ना होने के बावजूद भी इस तरह के श्रमिकों का कल्याण हो सके, इस बोर्ड के तहत उन्हें स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, और आर्थिक स्थिति में सुधार, श्रमिकों को वित्तीय सहायता, चिकित्सा सुविधाएं, शिक्षा, आवास, और अन्य कल्याणकारी योजनाएं प्रदान की जा सकें। लेकिन 2013 - 14 में सरकार बदलने के बाद आम आदमी पार्टी की सरकार ने इस योजना में अनियमितताएं कर पूरी योजना का ही दुरुपयोग किया वह इस सीएजी रिपोर्ट से जग जाहिर हो चुका है। भारद्वाज ने आगे कहा कि सीएजी की रिपोर्ट में बताया गया है कि 2019-20 से 2022-23 के बीच दिल्ली में निर्माण श्रमिकों के कल्याण के लिए जुटाए गए 3,579.05 करोड़ रुपये के फंड का उपयोग प्रभावी ढंग से नहीं हुआ। बोर्ड ने दावा किया कि 6.96 लाख श्रमिक पंजीकृत हैं, लेकिन केवल 1.98 लाख का ही विश्वसनीय डेटा उपलब्ध है, जिसमें 1.19 लाख श्रमिकों की तस्वीरें दो-दो बार दोहराई गई हैं। पंजीकरण नवीनीकरण दर भी मात्र 7.3% रही, जो राष्ट्रीय औसत 74% से काफी कम है। इसके अलावा, 17 कल्याणकारी योजनाओं में से केवल 12 लागू हुईं, और उनमें भी लाभ वितरण में 1,423 दिनों तक की देरी हुई। आप सरकार ने निर्माण श्रमिकों के हितों को पूरी तरह नजरअंदाज किया। यह वही सरकार थी जिसने बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन श्रमिकों के कल्याण के लिए एकत्रित धन का सही उपयोग तक नहीं कर पाई।

ऑटो की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत

नई दिल्ली। दक्षिणपुरी इलाके में एक ऑटो की टक्कर से 62 वर्षीय महिला की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि वाहन का चालक मौके से फरार हो गया और अब तक उसका पता नहीं चल पाया है। पुलिस आसपास के एरिया में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। पुलिस के अनुसार अंबेडकर नगर थाने में सोमवार सुबह सात बजकर 23 मिनट पर दुर्घटना की सूचना मिली। टीम जब मौके पर पहुंची तो उन्हें वहां एक लावारिस ऑटो-रिक्शा मिला और पता चला कि घायल महिला को उसके दामाद ने पहले ही पास के एक अस्पताल में भर्ती करा दिया है। महिला की पहचान दक्षिणपुरी निवासी इस्तेयाक की पत्नी आलिया बेगम के रूप में हुई है। महिला को एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, वह बयान देने की हालत में नहीं थी। प्रारंभिक जांच के आधार पर अंबेडकर नगर थाने में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से ऑटो जब्त कर लिया गया है और चालक की तलाश जारी है।

55 वर्षीय पिता को बेटी ने तवे से वार कर उतारा मौत के घाट

नई दिल्ली। शाहदरा जिले के मानसरोवर पार्क इलाके में एक 32 वर्षीय अविवाहित बेटी ने 55 वर्षीय पिता की तवे से वार कर हत्या कर दी। आरोपी बेटी को हिरासत में ले लिया गया है। मृतक का नाम टेक चंद गोयल बताया गया है। पुलिस ने शव को मोर्चरी भिजवा दिया है। पुलिस के अनुसार बुधवार को दोपहर तीन बजकर 56 मिनट पर जीटीबी अस्पताल से एमएस पार्क थाने को इस संबंध में सूचना प्राप्त हुई। बताया गया कि टेक चंद गोयल निवासी छोटा बाजार, रामनगर, शाहदरा को उनके बेटे शिवम ने घायल और बेहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया था। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस तुरंत अस्पताल पहुंची और बेटे शिवम के बयान दर्ज किये। उसके बयान के अनुसार घटना के समय उसकी बहन अनु (32), उनकी मां बाला देवी और उनकी पत्नी प्रिया (29) घर पर मौजूद थी। उसे पत्नी प्रीति ने बताया कि अनु ने कथित तौर पर हमला किया था। अनु अविवाहित है और अपने माता-पिता के साथ रह रही थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी बेटी को हिरासत में ले लिया है। हत्या की वजह का अभी पुलिस ने खुलासा नहीं किया है।

मुठभेड़ के बाद टिल्लू ताजपुरिया गिरोह का बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की नई दिल्ली रेंज पुलिस ने सरोजिनी नगर में संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद टिल्लू ताजपुरिया गिरोह के एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार मंजीत उर्फ दादा को प्रतिद्वंद्वी गोगी गिरोह से जुड़े करण थापा की हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। थापा की 28 मार्च को इसी साल अलीपुर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

पुलिस के अनुसार मंजीत की गतिविधियों के बारे में जानकारी मिलने पर सरोजिनी नगर इलाके में जाल बिछाया गया था। जब पुलिस टीम ने मंजीत को रोका, तो उसने भागने की कोशिश की और गोलियां चलाईं। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी कुछ राउंड गोलियां चलाईं, जिसके बाद उसे पकड़ लिया गया। इस मुठभेड़ में दोनों पक्षों में कोई भी घायल नहीं हुआ। पुलिस के मुताबिक आपराधिक पृष्ठभूमि वाले मंजीत के खिलाफ हत्या के प्रयास, जबरन वसूली और शस्त्र अधिनियम के उल्लंघन समेत कम से कम छह मामले पहले से दर्ज हैं। अलीपुर हत्याकांड के बाद से वह गिरफ्तारी से बच रहा था।